हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री से.
न्यूनतम 27.0 डिग्री से.

12 रेफरल विभाग का कर्मी नहीं दे पाया कोई जवाब



12 कराटे चैंपियनशिप में वेदांता स्कूल का शानदार…



# पुलिस कॉलोनी के क्वार्टर पर आसमानी बिजली गिरने से दीवारों में आई दरार

## चार डिग्री लुढ़का तापमान, जुलाना में 20 एमएम बरसात, छत पर रखा सेट बाक्स बना निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मंगलवार को कहीं हलकी बूंदाबांदी तो कहीं पर अच्छी बारिश हुई। जिससे मौसम दिनभर सुहाना बना रहा। औसतन तौर पर जिले में तीन एमएम बारिश दर्ज कि गई। जुलाना में सबसे ज्यादा बीस एमएम बारिश हुई। जिससे तापमान में भी चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। बूंदाबांदी के दौरान पुलिस कालोनी क्वार्टर पर आसमानी बिजली भी गिरी लेकिन किसी प्रकार के जान माल का नुकसान हुआ। मगंलवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 55 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगे बादलवाई भी बनी रहेगी और तापमान मे भी कुछ इजाफा होगा। मगंलवार को दिन का आगाज आकाश मे छाए बादलो तथा बूंदाबांदी के साथ हुआ। बूंदाबांदी का सिलसिला रूक रूक कर दोपहर जारी रहा। उधर, जुलाना में 20 एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि जींद मे 2.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। अन्य स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। आकाश में बादलवाई भी बनी रही। जिसके चलते बूंदाबांदी के आसार भी बने रहे। बूदाबादी मे लोगों को गर्मी से भी कुछ राहत दी है। मंगलवार को बूंदाबांदी के दौरान अचानक चमक के साथ जोर दार धमका और गर्जना हुई। जिसके साथ पूरा इलाका थर्रा उठा। जिसके साथ फोन भी बिजली गिरने को लेकर घनघनाने लगे। जिसके बाद सामने आया की आसमान बिजली पुलिस कालोनी मे हवलदार के सरकारी क्वार्टर पर पड़ी है। हालांकि किसी प्रकार की जान माल की हानि नही हुई। इमारत में दरार जरूर आ गई। क्वाटर्रों में मौजूद लोगों ने बताया कि तीसरी मजिल पर बने क्वाटर की छत पर इंटरनेट का सेट बाक्स लगा हुआ था। जिस पर आसमानी बिजली गिरी है। सेट बाक्स का निशान तक नही बचा।



### गर्मी से मिली राहत, आगे भी संभावना

बूंदाबांदी तथा बारिश ने लोगों को गर्मी से काफी राहत दी है। जिसका फायदा फसलों की भी हुआ है। तापमान ज्यादा होने के कारण पनीरी झुलसने का खतरा बना हुआ था। किसान बारिश सीजन के मध्यनजर धान के लिए अपने खेतों को तैयार करने में जुटे हुए है। सब्जियो को भी काफी फायदा हुआ है। मौसम विभाग के अनुसारी 18 जून तक मौसम मे उतार चढाव बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। जिसके चलते मौसम मे उतार चढाव बना हुआ है। आकाश मे बादलवाई भी बनी रहेगी और कही कही बूदाबादी भी हो सकती है। तापमान में कुछ इजाफा होगा।

## डिप्टी स्पीकर ने विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए की समीक्षा बैठक

# बिजली के तार और उपकरण दुरूस्त करने के लिए ₹42 करोड़ खर्च होंगे

विकास कार्यों के पूरा होने पर बदलेगी जींद विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर : विस उपाध्यक्ष

### विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री सैनी की घोषणाओं को दें मूर्त रूप



अधिकारियों को बैठक में दिशा-निर्देश देते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि जींद विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की धनराशि से विभिन्न विकास परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद जींद विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी तथा नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है और जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाया जा रहा है। डिप्टी स्पीकर स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो को लेकर अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं, निर्माणाधीन कार्यों तथा मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी डा. वैशाली शर्मा, एडीसी प्रदीप कुमार, डीएमसी अनिल दून, एमडी शुगर मिल गुलजार मलिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधानसभा उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा जींद विधानसभा क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर मूर्त रूप दिया जाए। जिन परियोजनाओं की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कर कार्य प्रारंभ करवाया जाए। इसके अलावा जो भी विकास कार्य पहले से चलाए जा रहे है उनमें तेजी लाएं। अधिकारी विकास कार्यो में लगाई जाने वाली सामग्री की समय-समय पर जांच करतें रहेंए ताकि योजनाओं का लम्बे समय तक लोगों को फायदा हो सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। कहा कि सड़कों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, पेयजल व्यवस्था, सीवरेज नेटवर्क, शहरी एवं ग्रामीण आधारभूत ढांचे के विकासए पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। डा. मिड्ढा ने प्रत्येक परियोजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि विकास योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का समान एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। जींद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि शहर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण को गति देने के उद्देश्य से चालू वर्ष को विशेष रूप से जींद के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए समर्पित किया गया है। इस दौरान शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने, सार्वजनिक स्थलों की खूबसूरती बढ़ाने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह जींद को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। डिप्टी स्पीकर ने जन स्वास्थ्य विभाग व नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए।

### पालिका बाजार को स्मार्ट बनाया जाएगा

बिजली विभाग के अधिकारियों को कहा कि शहर में बिजली के तार, केबल या अन्य उपकरण दुरूस्त करने के लिए लगभग 42 करोड़ रुपये की धन राशि खर्च की जा रही है। इसके अलावा जिन गांवों में लाईब्रेरियां बनाई जा रही हैए उन्हे भी शीघ्र पूरा करवाएं। अधिकारी इन सभी कामों को समयबद्ध व व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पालिका बाजार को स्मार्ट बाजार के रूप में विकसित किया जएगा। लिहाजा पालिका बाजार में आगजनी जैसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए सार्थक कार्य योजना तैयार करें ताकि रोहतक जैसी आगजनी की दुर्घटना से बचा जा सके।



जींद। काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन करते बिजली निगम कर्मचारी।

## बिजली निगम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

- एग्रो डिस्काउंट कंपनी स्मार्ट मीटर एवन कंपनी निजीकरण ठेका प्रथा को लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर सब अर्बन सब यूनिट ने मंगलवार को बिजली कर्मियों ने काली पट्टी लगा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी बिजली कर्मियों ने एग्रो डिस्काउंट कंपनी स्मार्ट मीटर एवन कंपनी निजीकरण ठेका प्रथा को लेकर रोष जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनिट उपप्रधान रामनिवास सैनी ने किया व संचालन सब यूनिट सचिव सोनू डांगी ने किया। प्रदर्शनकानी बिजली निगम कर्मियों को संबोधित करते हुए राज्य उप प्रधान संजीव ढांडा, सर्कल सचिव धर्मवीर भंभेवा ने बताया कि एग्रो डिस्काउंट कंपनी को किसी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। संगठन इसका पुरजोर विरोध करता है और आने वाले समय में कड़े आंदोलन की तैयारी करते हुए एग्रो डिस्काउंट कंपनी को किसी सूरत में लागू नहीं होने दिया जाएगा। यूनिट सचिव संदीप गिल ने कहा की सरकार एग्रो डिस्कॉम के नाम पर बिजली को निजी हाथों में सौपना चाहती है। क्योंकि सरकार बिजली घाटे के नाम से पहले सन 1997 में बिजली बोर्ड को तोड़ा गया था। तब घाटे के नाम विभाग को तोड़ा गया था और साथ में बोला गया था कि इससे आम जनता को बेहतर सुविधा मिलेगी। जिससे घाटा भी पूरा होगा। अब यह घटा 29 हजार करोड़ हो गया है। यह बिजली विभाग जन सेवा का विभाग है। अब इसमें एग्रो डिस्कॉम को लगभग 5464 करोड़ घाटे में दिया जा रहा है और यूनियन को पूरा अंदेशा है कि यह घाटा और बढ़ सकता है और किसानों को मिलने वाली सबसिडी आने वाले समय में बंद होग। जैसे गैस की सब्सिडी बंद हो गई, किसानों के लिए खेती के लिए पहले ही अलग से फिडर खींच रखें हैं।

## जमीन की सौदेबाजी कर 65 लाख हड़पे, दंपति पर धोखाधड़ी का केस

- रजिस्ट्री करवाने से मना करने और धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव देवरड़ में जमीन की सौदेबाजी कर 65 लाख हडपने पर जुलाना थाना पुलिस ने दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डिकाडला (पानीपत) निवासी पूजा माथुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव किलाजफरगढ़ निवासी सत्यवान तथा उसकी पत्नी सीमा से गांव देवरड़ में 53 कनाल 15 मरले जमीन का सौदा 44 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से 19 सितंबर 2025 को किया था। सौदा होने के साथ 35 लाख रुपये के चैक आरोपित सत्यवान तथा उसकी पत्नी सीमा के नाम दिए गए थे। दस लाख रुपये नगद दिए गए थे। जिसके साथ एग्रीमेंट दोनों के साथ कर लिया गया। दोनों पक्षों की सहमति के बाद दस अप्रैल 2026 को रजिस्ट्री करवाने की तारिख निर्धारित कर दी गई। विश्वास करके उसने 20 लाख आरटीजीएस के माध्यम से आरोपितों के खाते में डाल दिए गए। निर्धारित तारिख पर टोकन लेने के बाद जुलाना तहसील में आरोपितों से जमीन के दस्तावेज मांगे गए तो दोनों आरोपितों ने दस्तावेज देने से मना कर दिया।

## अब शहर में नहीं चलेंगे पेयजल के अवैध कनेक्शन

- सात टीम बनाई, 50 अवैध पेयजल कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अब कैथल में अवैध पेजयल कनेक्शन चलाने वालों के दिन लदते नजर आ रहे हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी ने शहर में पेयजल की अवैध आपूर्ति पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने बिना अनुमति पाइपलाइन से पानी का कनेक्शन जोड़कर उपयोग करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक हजार से अधिक उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर अपने कनेक्शन नियमित कराने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने उन्हें आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए लगभग एक सप्ताह का समय दिया है। निर्धारित अवधि के भीतर कनेक्शन वैध नहीं कराने वालों की जलापूर्ति बंद कर दी जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शहर में लंबे समय से अवैध कनेक्शनों के माध्यम से पानी के उपयोग की शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे कनेक्शन सामने आए जो विभाग की अनुमति के बिना सीधे पाइपलाइन से जोड़े गए थे। इस स्थिति को देखते हुए विभाग ने व्यापक अभियान शुरू किया है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक कार्रवाई करते हुए 50 अवैध पेयजल कनेक्शनों को काटा जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि नोटिस जारी किए गए अन्य उपभोक्ताओं पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। यदि तय समय सीमा के बाद भी कनेक्शन वैध नहीं कराए गए तो बिना किसी अतिरिक्त चेतावनी के उनकी सप्लाई बंद कर दी जाएगी। पूरे शहर में निगरानी के लिए सात टीमें गठित जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ गोपाल वैद ने बताया कि शहर में पानी की बर्बादी और अनियमित आपूर्ति को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके समाधान के लिए विभाग ने कर्मचारियों की सात विशेष टीमें बनाई हैं। ये टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर पेयजल कनेक्शनों की जांच करेंगी, अवैध कनेक्शन चिन्हित करेंगी तथा जरूरत पड़ने पर उन्हें तुरंत हटाने की कार्रवाई करेंगी।

### पर्याप्त जलापूर्ति नहीं मिलने से परेशानी

एसडीओ गोपाल वैद ने बताया कि अवैध कनेक्शन रखने वाले कई उपभोक्ता पानी का अत्यधिक दुरुपयोग करते हैं। कई स्थानों पर बिना आवश्यकता के नल खुले छोड़ दिए जाते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में पेयजल व्यर्थ बह जाता है। इससे न केवल पानी की बर्बादी होती है बल्कि नियमित बिल जमा करने वाले वैध उपभोक्ताओं को भी पर्याप्त जलापूर्ति नहीं मिल पाती है।

### तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

**जींद।** ललितखेड़ा के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से खेत से घर जा रहे युवक की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के ताऊ की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है गांव निजामपुर निवासी सुनील (22) तथा उसका ताऊ प्रेम बीती देर शाम खेत में पानी संभालने गए हुए थे। जब वे वापस पैदल गांव की तरफ लौट रहे थे तो तेज रफतार कार ने सुनील को टक्कर मार दी। जिसमें सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर कार चालक फरार हो गया। गंभीर हालात में सुनील को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के ताऊ प्रेम की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पोर्टल पर तकनीकी खामियों के चलते विद्यार्थियों को आ रही थी परेशानी, आवेदन की तिथि बढ़ने से राहत

# राजकीय आईटीआई में दाखिले के लिए 30 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा विद्यार्थियों के हित को देखते राजकीय आईटीआई में दाखिला हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया गया है। बता दें कि इस पूर्व यह तिथि 15 जून तक थी। इस दौरान पोर्टल पर तकनीकी खाने के चलते कुछ विद्यार्थियों द्वारा फॉर्म पूरे नहीं किए गए थे। ऐसे में विद्यार्थियों के हित को देखते हुए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा दाखिले की अंतिम तिथि को 30 जून तक बढ़ाया गया है। विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर नजर डाली जाए तो इस बार प्रदेश के करीब 372 सरकारी और प्राइवेट आईटीआई में दाखिले किया जा रहे हैं। पूर्व में जारी शेडयूल अनुसार 2 जून से लेकर 15 जून तक आवेदन की तिथि निर्धारित की गई थी। इस अवधि के दौरान निर्धारित सीटों से कम आवेदन आने के कारण विभाग द्वारा दाखिला प्रक्रिया की तिथि को बढ़ाया गया है। विभाग द्वारा पोर्टल पर आवेदन की तिथि बढाई गई है लेकिन अभी तक काउंसलिंग शेडयूल जारी नहीं किया गया है। ऐसे में अब जो विद्यार्थी फॉर्म भरने से वंचित रह गए थे तो वह 30 जून तक फॉर्म भर सकते हैं। बता दे कि अब तक के आवेदनों में पूरे प्रदेश में कैथल का राजकीय आईटीआई प्रथम स्थान पर रहा। कैथल के राजकीय आईटीआई में करीब 900 सीटों पर चार हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभागीय जानकारों का कहना है कि अब तक हुए ऑनलाइन आवेदन में जहां जिला स्तरीय शहरी क्षेत्र के राजकीय आईटीआई के लिए भारी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र तथा प्राइवेट आईटीआई में अभी तक प्राप्त सीटों के अनुसार 30% आवेदन की प्राप्त हुए हैं। ऐसे में आवेदन कमाने के चलते विभाग द्वारा दाखिला तिथि में संशोधन किया गया है।

**ये चल रहे रा. आईटीआई**
- रा. आईटीआई कैथल
- रा. आईटीआई महिला कैथल
- रा. आईटीआई पबनावा
- रा. राजौंद एट बीरबांगडा
- रा. आईटीआई पूंडरी
- रा. आईटीआई महिला पूंडरी
- रा. आईटीआई गुहना
- रा. आईटीआई गुहला एट चीका
- रा. कलायत एट बीरबांगडा।

### जुलाई माह में काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी



आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि विद्यार्थियों के हित को देखते हुए आनलाइन एडमिशन पोर्टल अनुसार विभाग द्वारा आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को 30 जून तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अभी तक दाखिला लेने से वंचित रहे। वे समय रहते आवेदन करें ताकि उन्हें दाखिला मिल सके। इसके बाद जुलाई माह में काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।

## विवि में प्रवेश की अंतिम तिथि 23 जून तक बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 जून कर दी है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित थी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि अनेक विद्यार्थी विभिन्न कारणों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन नहीं कर पाए थे। विद्यार्थियों की मांग, बढ़ते आवेदनों तथा उनकी सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया हैए ताकि अधिक से अधिक छात्र.छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके। इच्छुक विद्यार्थी 23 जून तक ऑनलाइन माध्यम से अपना प्रवेश आवेदन पत्र भर सकते हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों, पात्रता, सीटों तथा प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए स्नातकए स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा स्तर के कुल 70 पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैंए जिनमें कुल 1695 सीटें उपलब्ध हैं।

## खबर संक्षेप

### किठाना में मारपीट कर किसान को किया घायल

**कैथल।** गांव किठाना में पुरानी रंजिश के चलते खेत से घर लौट रहे एक किसान पर हमला कर घायल दिया है। किसान आरोप है कि दो भाइयों ने रास्ता रोककर लाठी-डंडों से हमला किया और सिर में ईंट मार दी, जिससे किसान बेहोश होकर खेत में गिर पड़ा। राजौंद थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव किठाना निवासी विजेंद्र ने बताया कि 10 जून की रात वह अपने खेत में नहरी पानी लगा रहा था।

### एटीएम चोरी कर निकाले पैसे, सहायक पर मुकदमा

**जींद।** थैरेपिस्ट के दादा का एटीएम चुरा दस हजार रुपये निकलवाने पर नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ चोरी तथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव फरैण कलां निवासी आशीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आर्य उपनगर में न्यूरो थैरेपी का क्लीनिक खोला हुआ है। उसके दादा का एटीएम उसके पास रहता था। जिसे क्लीनिक की मेज के दराज में रखता था। जो गुम हो गया।

### जानलेवा हमला करने के मामले में 3 आरोपी काबू

**कैथल।** थाना सदर कैथल पुलिस ने गांव मानस में जानलेवा हमला मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मानस निवासी अंकुश की शिकायत अनुसार 4 मार्च को फाग के अवसर पर वह अपने साथी विक्की तथा सुनील के साथ कार में गांव मानस स्थित अपने घर जा रहा था। जब वे गांव के पंचायत घर के समीप पहुंचे तो मौजूद आरोपियों ने बाइक लगाकर उनकी गाड़ी का रास्ता रोक लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने गाड़ी निकालने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने बाइक गाड़ी के आगे लगा दी।

### पूंडरी से लाखों के बिजली उपकरण चुराए, केस दर्ज

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र में बिजली के सामान को निशाना बनाते चोरों ने अलग-अलग जगहों से कंडक्टर और दो ट्रांसफार्मरों की चोरी कर ली। चोरी से निगम को दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में पूंडरी बिजली निगम के एसडीओ बलवान मेहरा ने बताया कि 14 मई की रात आए तेज तूफान में हाबड़ी एपी लाइन का एक एच-पोल और सिंगल पोल क्षतिग्रस्त हो गया था।

### बस में सवार युवक के पेट में मारा तेजधार हथियार

**जींद।** गांव शाहपुर निवासी एक युवक के पेट में चलती बस में एक व्यक्ति ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। आरोपित मौके से फरार हो गया। युवक को तुरंत नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यहां चिकित्सकों ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस रोहतक पीजीआई में घायल के बयान दर्ज करने गई है। शाहपुर निवासी 32 वर्षीय भूपेंद्र एक निजी बैंक में काम करता है।

### दुकान से हजारों के गैस सिलेंडर चुराए

**कैथल।** शहर के सिरटा रोड स्थित डेयरी एवं मिठाई की दुकान से चोरों ने लगातार निशाना बना 5 सिलेंडर चोरी कर लिए। दुकानदार की शिकायत पर थाना शहर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शहर के अर्जुन नगर निवासी हरजिंद्र सिंह ने बताया कि सिरटा रोड पर मिठाई की दुकान है। 11 जून की रात वह और उसका बेटा दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह पर पहुंचे तो देखा कि अज्ञात दरवाजे के ऊपर से कूदकर अंदर घुसा और दो इंडेन गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों का प्राथमिकता के साथ हल करें : एसडीएम

**अलेवा।** समाधान शिविर में आई शिकायतों का प्राथमिकता के तौर पर समाधान कराना सबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का कार्य है। शिविर में आई शिकायत का निपटारा कराने में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित में भेज दिया जाएगा। ये हिदायत मंगलवार को उचाना के एसडीएम रमित यादव द्वारा अलेवा बीडीपीओ कार्यालय में परिसर में समाधान शिविर में मौजूद विभिन्न विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को देते कही।

### टीम ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**नरवाना।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने भगत सिंह लाइब्रेरी नरवाना में ड्रग्स, साइबर अपराध, यातायात नियम, योग एवं चाइनीज मांझा विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन । पुलिस विभाग द्वारा 11 जून से 26 जून तक चलाए जा रहे राज्यव्यापी नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता पखवाड़े के तहत मंगलवार को भगतसिंह लाइब्रेरी में नशामुक्ति अभियान चलाया। नशामुक्ति अभियान टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार अपनी टीम सहित एवं भगतसिंह लाइब्रेरी नरवाना के संचालक रिशिपाल व काफी संख्या में छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेला कल

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला रोजगार कार्यालय परिसर में 18 जून को प्रातः साढ़े 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में आईसीआईसी बैंक, मारूति सुजुकी, एरेना, श्री राम कम्पनी के नियोजकों द्वारा भाग लिया जाएगा। मेले में आईसीआईसीआई बैंक व मारूती सुजुकी नियोजकों द्वारा प्रार्थियों को ऑफिस वर्क पद के लिए चयन किया जाना है।

### जींदः सात मकानों में बिजली चोरी पकड़ी

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में मंगलवार को नशा तस्करों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चमेला कॉलोनी नरवाना में व्यापक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में जींद पुलिस, बिजली विभाग तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कई अनियमितताओं का खुलासा किया। सात मकानों में बिजली चोरी पकड़ कर लगभग डेढ़ लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। वहीं अवैध पानी के 25 कनेक्शनों को काटा गया। संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समाज को अपराध एवं नशे जैसी बुराइयों से मुक्त बनाया जा सके।

### प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की जरूरत : राजेश

**उचाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा के तत्वावधान में करसिंधु, मांडी कलां गांव में प्राकृतिक खेती जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की आधुनिक, वैज्ञानिक एवं टिकाऊ तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। सहायक प्रोद्योगिकी प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है।

### दुराचार के आरोपितों को मिले कड़ी सजा

**जींद।** कुरूक्षेत्र सरकारी अस्पताल में बच्ची के साथ दुराचार की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। दलित अधिकार मंच हरियाणा राज्य कमेटी ने इस घटनाक्रम की कड़े शब्दों में निंदा करते यौनाचार की शिकार लड़की को न्याय दिलाने के लिए घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार डाक्टर और उसको संरक्षण प्रदान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा कि जो डाक्टर पहले भी लड़कियों, महिलाओं के साथ यौनाचार के मामले में जेल की सलाखों में जा चुका हो, उसे रिटायर के बाद दोबारा डेपूटेशन करने वाले राजनीतिक नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## डीसी-एडीसी ने नागरिक अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# रेफरल विभाग का कर्मी नहीं दे पाया कोई जवाब

**उपायुक्त ने खुद चेक करवाया एचबी बायोमेडिकल वेस्ट का भी नहीं मिला सही निस्तारण**

### कई विभागों में खामियां मिलने पर जमकर फटकार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए डीसी डा. वैशाली व एडीसी प्रदीप कुमार मंगलवार को अचानक पहुंची। अचानक से डीसी के अस्पताल में आने की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य अधिकारियों में हडकंप मच गया। डीसी ने एक-एक कर यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसी ने रेफरल विभाग के कर्मचारी से जवाब-तलबी की लेकिन वह कोई जवाब नही दे पाया। वहीं डीसी ने खुद एचबी की जांच करवाई। वहीं इमरजेंसी वार्ड में भी सही तरीके से डस्टिबन नही मिले। जबकि बायोमेडिकल वेस्ट का भी सही निस्तारण नही मिला। जिस पर डीसी ने जवाब भी मांगा। नागरिक अस्पताल के बाथरूम में गंदगी देख डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि आप लोग बाथरुम में खड़े होकर दिखाओ। इसके अलावा अस्पताल में कई विभागों में खामियों पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन को जमकर फटकार लगाई। अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट की सही व्यवस्था नहीं थी। डीसी तथा एडीसी ने दोनों अधिकारियों ने नागरिक अस्पताल के वार्ड, बाथरूम, इमरजेंसी, गायनी वार्ड से लेकर हर प्रकार की व्यवस्था का जायजा लिया। अस्पताल के बाथरूम देखकर डीसी ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पास ही मौजूद स्टाफ नर्स से कहा कि आप जरा बाथरूम में कुछ देर खड़े होकर देखो। सफाई व्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताते सफाई के निर्देश दिए। इमरजेंसी वार्ड में भी सफाई तथा रजिस्टर सही तरीके से रखरखाव नहीं होने, डस्टबिन की सही व्यवस्था नहीं होने पर भी गुस्सा दिखाया। डीसी ने जब आयुष विभाग का दौरा किया तो यहां पर तैनात कर्मचारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। यहां उपस्थित कर्मचारियों को इसके बारे में पूरी जानकारी भी नहीं थी। नागरिक अस्पताल के काउंटर पर पहुंची डीसी डा. वैशाली शर्मा ने यहां बैठे कर्मचारियों से हीमोग्लोबिन चेक करने को कहा। मौजूद कर्मचारी लैब तकनीशियन नही थे। ऐसे में तुरंत लैब तकनीशियन को बुलाया गया और डीसी का हीमोग्लोबिन चेक किया गया। उन्होंने साफ कहा कि इस प्रकार के कार्य में किसी प्रकार की कोई कोताही सहन नहीं होगी। डीसी ने रेफरल विभाग का दौरा किया। अस्पताल में एंबुलेंस के बारे में जानकारी हासिल की। यहां पर तैनात कर्मचारी रेफरल के बारे में पूरी जानकारी नहीं दे पाए। यहां से डीसी को संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर वह नाराज दिखाई दी।




**जींद।** नागरिक अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीसी डॉ. वैशाली शर्मा। *फोटो :हरिभूमि*

#### नहीं मिला बायोमेडिकल वेस्ट का सही निस्तारण

नागरिक अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट का सही निस्तारण नहीं मिलने पर डीसी ने स्वास्थ्य अधिकारियों से इस जवाब मांगा। बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण के लिए बनाए गए नियमों के अनुसार यहां पर बायोमेडिकल वेस्ट नहीं डाला जा रहा था। इसके लिए तीन प्रकार के डस्टबिन होते हैं, जिनमें अलग-अलग प्रकार का बायोमेडिकल वेस्ट डाला जाता है। अस्पताल के वार्डो व इमरजेंसी में बायोमेडिकल वेस्ट की सही व्यवस्था नहीं थी।

#### मुख्य गेट पर सेनेटाइजर की व्यवस्था के निर्देश

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने अस्पताल प्रशासन को अस्पताल के गेटों पर सेनेटाइजर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां से मरीजों का प्रवेश हो, वहां पर सैनेटाइजर की व्यवस्था होनी चाहिए। अस्पताल में मरीजों के हाथ इधर-उधर सामान को छूते हैं। ऐसे में कोई भी बीमारी एक-दूसरे में नहीं फैले, इसके लिए पुख्ता प्रबंध होने चाहिएं।



**नरवाना।** कराटे टीम के साथ निदेशक प्रदीप नैन। *फोटो :हरिभूमि*

## कराटे चैंपियनशिप में वेदांता स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

आशु ने जीता रजत पदक व स्मार्ट वॉच, हर्ष और रूद्र को मिले विशेष पुरस्कार भिवानी की नई अनाज मंडी स्थित जन सेवा सदन में आयोजित दो दिवसीय बेस्ट ऑफ बेस्ट ओपन कराटे चैंपियनशिप-2026 में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, कलौदा खुर्द के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। देश के 12 राज्यों से पहुंचे 500 से अधिक खिलाडियों के बीच विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आशु ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक (सिल्वर मेडल) अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर आयोजकों ने उन्हें स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया। वहीं विद्यालय के छात्रों हर्ष एवं रूद्र ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विशेष पुरस्कार स्वरूप स्कूल बैग प्राप्त किए। खिलाडियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्या वीणा डारा ने विजेता विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा कराटे कोच सुनील के समर्पित प्रशिक्षण को दिया। उन्होंने कोच सुनील को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन के कारण विद्यालय के खिलाड़ी लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## कुलदीप रंधावा के सहयोग से पिंडारा पर बन रही डॉक्यूमेंट्री का अंतिम शेड्यूल पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पवित्र तीर्थ एवं ऐतिहासिक महत्व रखने वाले पिंडारा पर बन रही डॉक्यूमेंट्री का अंतिम शूटिंग शेड्यूल 15 जून सोमवती अमावस्या को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। डॉक्यूमेंट्री के निर्माण में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि समाजसेवी कुलदीप रंधावा का विशेष सहयोग रहा। शूटिंग के दौरान कुलदीप रंधावा ने सिनेमैटिक हरियाणा प्रोडक्शन की पूरी टीम के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किया और फिल्म निर्माण कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंटरव्यू बाइट के दौरान कहा कि समाज और गांव के विकास के लिए सभी लोगों को मिल कर कार्य करना चाहिए। पिंडारा के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए किए गए कार्यों की भी जानकारी दी। कुलदीप रंधावा ने डॉक्यूमेंट्री के निर्माण की सराहना करते कहा कि यह फिल्म पिंडारा की धार्मिक सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्ता को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने इस प्रयास को समाज और क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग के दौरान फिल्म निर्माता आरजे भारद्वाज भी मौजूद रहे। फिल्म निर्देशक पुनीत शर्मा ने बताया कि यह डॉक्यूमेंट्री जल्द ही दर्शकों के बीच रिलीज की जाएगी और पिंडारा की महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेगी। उन्होंने बताया कि डॉक्यूमेंट्री का पहला शेड्यूल 18 जनवरी 2026 को पूरा किया गया था। कुछ महत्वपूर्ण दृश्य शेष रहने के कारण अंतिम चरण की शूटिंग सोमवती अमावस्या के अवसर पर 15 जून को की गईए जिसके साथ फिल्म का पूरा शूटिंग कार्य संपन्न हो गया।



#### डॉक्यूमेंट्री शीघ्र ही दर्शकों के बीच रिलीज होगी

सिनेमैटिक हरियाणा के बैनर तले बन रही यह डॉक्यूमेंट्री शीघ्र ही दर्शकों के बीच रिलीज होगी और पिंडारा की आध्यात्मिकए सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। यह फिल्म क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है।

## तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरू

■ नियमित योग करने से व्यक्ति शारीरिक मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आयुष विभाग द्वारा सीआरएसयू के महर्षि पतंजलि योग भवन में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। डा. अमित रोहिल्ला ने कहा कि नियमित रूप से योग करने से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहता है।

योग के प्रति में जागृति लाने के उद्देश्य से आमजन को प्रतिदिन योग अपनाने के लिए आयुष विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। योग दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस शिविर में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत आयुष विभाग के योग सहायकों द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर योग के जिला कोऑर्डिनेटर डा. योगेश कुमार, आचार्य डा. वीरेंद्र कुमार, डा. गोबिंदा, आयुष विभाग तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जन प्रतिनिधि व अन्य सामाजिक संस्थाएं तथा आमजन शामिल हुए।



**जींद।** शिविर में योग करते साधक। *फोटो :हरिभूमि*



मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा की अगुवाई में एकत्रित पदाधिकारी, कार्यकर्ता।

### स्वागत समारोह में उचाना से भारी तादाद में पहुंचे पदाधिकारी

**उचाना।** जींद में पहली बार प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहुंची भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान समारोह में उचाना हलके से पदाधिकारी, कार्यकर्ता पहुंचे। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग, पंकज करसिंधु, पूर्व मंडी प्रधान सत्यनारायण मखंड, मनोनित पार्षद नरेश सौंगरी, उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा, सत्यवान दुर्जनपुर, पूर्व ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सतीशा देवी सहित विभिन्न पदाधिकारी, कार्यकर्ता टीमों के साथ पहुंचे। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जींद की धरती पर पहुंची प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह जिले के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उनके सम्मान में भीड़ उमड़ी। उचाना हलके से बड़ी तादाद में कार्यकर्ता जींद पहुंचे। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते प्रदेश में 43 साल के बाद भाजपा ने महिला को प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। प्रदेश में संगठन में महामंत्री के तौर पर कार्य कर चुकी डॉ. अर्चना गुप्ता अनुभवी है। संगठन को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा।

## कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा प्रदान की जाए

■ पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन ने कार्यकारी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

मंगलवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी. मैकेनिकल वर्करज यूनियन रजि. नं. 41 (संबंध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) के द्वारा सिंचाई विभाग कार्यकारी अभियंता नरवाना को हल्ला बोल प्रदर्शन करके अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे ब्रांच प्रधान सोनू खटकड़ ने कहा कि सरकार बार-बार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है जिसको लेकर कर्मचारी वर्ग में भारी रोष है। जिसके कारण कर्मचारी बार-बार प्रदर्शन करने पर मजबूर है, अगर अब भी सरकार कर्मचारियों की मांगों की तरफ ध्यान नहीं देती तो राज्य कमेटी के आह्वान पर 4 जुलाई को कैंप कार्यालय भिवानी में श्रुति चैधरी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मंत्री व 18 जुलाई 2026 को मंत्री रणबीर गंगवा के कैंप कार्यालय हिसार का घेराव किया जाएगा। सरकार रेशनलाइजेशन के नाम पर विभागों में फील्ड स्टाफ के पदों में कटौती कर रही है जिससे कर्मचारियों वर्ग में भारी रोष है। दूसरा यह है कि एचकेआरएन नहीं के कर्मचारियों को पिछले दो साल से जॉब सुरक्षा के नाम पर बार-बार झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं। सीएम ने कहा था कि सभु एचकेआरएन के कर्मचारियों को 15 जून तक जॉब सुरक्षा दे दी जाएगी लेकिन अभी तक एक भी कर्मचारी को जॉब सुरक्षा प्रदान नहीं की गई है। आज के प्रदर्शन में ब्रांच सचिव प्रदीप कुंडू, कैसियर मंदीप सैनी,राज्य कमेटी सदस्य संदीप राठी, विकास श्योकंद,जिला प्रधान विजेंद्र शर्मा जिला चेयरमैन राजवीर श्योकंद, वरिष्ठ उप प्रधान महावीर मोर,सहसचिव सुखराम, प्रवीण, सतीश समेत अन्य कर्मचारी साथी मौजूद रहे।



## निर्माण मजदूरों ने पोर्टल खुलवाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के पोर्टल को तत्काल शुरू करवाने तथा लंबित कल्याणकारी योजनाओं की राशि जारी करने की मांग को लेकर गांव जाजवान और अनूपगढ़ में निर्माण मजदूरों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान श्रमिकों ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के जिला सचिव संदीप जाजवान और सह सचिव पवन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कल्याण बोर्ड का ऑनलाइन पोर्टल लंबे समय से बंद पड़ा है। जिसके कारण हजारों निर्माण मजदूरों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार को मजदूरों की समस्याओं का तुरंत समाधान करना चाहिए और सभी लंबित भुगतान जल्द जारी करने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मजदूरों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसी क्रम में यूनियन द्वारा आगामी 19 जून को जींद के लघु सचिवालय पर ब्लॉक स्तरीय मजदूर पंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### एसडीएम ने बैठक में एसआईआर के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के दिए निर्देश

## पात्र अवश्य जुड़वाएं मतदाता सूची में नाम : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है। एसआईआर के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए एसडीएम ने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि वे गांव.गांव में मुनादी करवाकर लोगों को एसआईआर अभियान के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक पात्र नागरिक तक इस अभियान की जानकारी पहुंचनी चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक पात्र नागरिक का यह कर्तव्य भी है कि नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाए। यदि किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची में नहीं है, उसमें किसी प्रकार की त्रुटि है अथवा नए मतदाता का पंजीकरण करवाना है तो वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्धए पारदर्शी और अद्यतन रहे। इसके लिए पंचायत विभागए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) तथा अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आमजन से आह्वान किया कि वे एसआईआर अभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें तथा अपने परिवार, पड़ोस और गांव के पात्र नागरिकों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई तक गणना अवधि चलेगी। जबकि 14 जुलाई तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थित करने का कार्य किया जाएगा। प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। सूचना चरण, जिसमें जारी करना, सुनवाई एवं सत्यापन शामिल है 21 जुलाई से 18 सितंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा।



**जींद।** मीटिंग को संबोधित करते एसडीएम। *फोटो :हरिभूमि*




**उचाना।** राजेश कौशिक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

### राजेश कौशिक 85वीं बार रक्तदान कर बने प्रेरणा स्रोत, जींद में प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**उचाना।** बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम के पुजारी एवं समाजसेवी राजेश कौशिक को 85वीं बार रक्तदान करने पर जींद में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जींद में आयोजित रक्तदान शिविर में राजेश कौशिक ने अपना 85वां रक्तदान कर मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।राजेश कौशिक ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। एक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में चार बार सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कौशिक ने युवाओं एवं आम नागरिकों से रक्तदान के प्रति जागरूक होने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी सक्षम लोगों को समय-समय पर आयोजित रक्तदान शिविरों में पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। कहा कि रक्त की आवश्यकता कभी भी किसी को पड़ सकती है।

## खबर संक्षेप

### पीओ पकड़ो स्टाफ ने दो भगोड़े आरोपी पकड़े

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टॉफ द्वारा 2 मामले में 2 उद्धघोषित आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ के एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी पूंडरी निवासी राहुल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राहुल पर 28 अगस्त 2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूंडरी से 2 लोहा गाडर चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज है। उक्त मामले में आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ था।

### प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अध्यापक लेंगे भाग

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा,जिला सचिव अमर नाथ किठाणिया कैशियर शीशपाल शर्मा,ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के फैसले अनुसार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लंबे समय से कार्यरत अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण हेतु राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के आह्वान पर 21 जून को शिक्षा मंत्री के पानीपत स्थित कैंप कार्यालय एवं 23 जून को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री के कैम्प कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अध्यापक भाग लेंगे।

### पीपल वाला चौक में लगाई मीठे ठंडे पानी की छबील

**सीवन।** नगर के पीपल वाला चौक में समाजसेवियों द्वारा मीठे ठंडे पानी की छबील लगाकर मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। छबील में दिनभर राहगीरों, दुकानदारों एवं वाहन चालकों को ठंडा मीठा पानी व जल जीरा वितरित किया गया, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। इस अवसर पर समाजसेवियों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को ठंडा पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। ऐसे सेवा कार्य समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं।

### गोसेवा के लिए समाज को आगे आना चाहिए

**सीवन।** भारत विकास परिषद शाखा सीवन की ओर से स्थानीय गोशाला में गोवंश के लिए हरा चारा देने का सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिषद सदस्यों ने लगभग 40 क्विंटल हरा चारा गौशाला में पहुंचाकर गौसेवा का संदेश दिया। शाखा अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रमेश राणा तथा कोषाध्यक्ष अनिल गर्ग ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को गौशालाओं के सहयोग के लिए आगे आना चाहिए।

### चीनी मिल में चलाया स्वच्छता अभियान

**कैथल।** सरकार की 12 साल की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में कैथल सहकारी चीनी मिल में मंगलवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया। मिल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार ने सफाई अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नही, बल्कि निरन्तर अपनाई जाने वाली जीवनशैली है। स्वच्छ परिसर से न केवल कार्यक्षमता बढ़ती है बल्कि स्वास्थ्य एवम् पर्यावरण सरंक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है।

### कलायत में लगा जन कल्याणकारी शिविर

**कलायत।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलायत के खंड विकास एवं पंचायत विभाग के कार्यालय में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ एसडीएम अजय हुड्डा ने किया। एसडीएम ने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। एक-एक कर स्टॉलों पर अधिकारियों व कर्मचारियों से योजनाओं के बारे में पूर्ण फीडबैक ली। एसडीएम ने निर्देश दिए कि आमजन को योजनाओं का लाभ देने में कोई भी कोताही न बरतें, बल्कि उनके साथ अच्छा व्यवहार करते स्कीम की पूर्ण जानकारी दें।

## पांच सड़कों पर 3.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे

# फल्गु तीर्थ मार्ग पर निर्माण में अनियमितताओं का आरोप

घटिया ब्लॉक लगाने और नालियों की सफाई किए बिना सीमेंट-बजरी डालने का लगाया आरोप

*ग्रामीणों ने निर्माण में हुई गड़बड़ी बाबात विधायक से जांच की मांग की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फरल स्थित ऐतिहासिक फल्गु तीर्थ से महाराणा प्रताप की तरफ जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू होते ही विवादों में घिर गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में 5 सड़कें लगभग 3.50 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जानी है। सड़क निर्माण में लगाए जा रहे ब्लॉक और अन्य सामग्री निम्न स्तर की है, जिसके चलते सड़क बनने के साथ ही उखड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर ब्लॉक लगाने के साथ स्पॉट भरने के लिए सीमेंट-बजरी का मिश्रण डाला जा रहा है, लेकिन इसे डालने से पहले न तो नालियों की सफाई की जा रही है और न ही उगी हुई घास-फूस को हटाया जा रहा है। इसके कारण निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने हलका विधायक सतपाल जांबा से मामले का संज्ञान लेकर निर्माण कार्य की जांच करवाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क का निर्माण लंबे समय तक टिकाऊ रहे, इसके लिए गुणवत्ता की निगरानी जरूरी है।





**पूंडरी।** गांव फरल में बन रही सड़क को दिखाते ग्रामीण व मिट्टी व घास पर डाली गई सीमेंट दिखाते हुए ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### पैसे का सही उपयोग नहीं हो पाएगा

ग्रामीण भीम सेन, रणदीप आर्य, मोनू, राजेश कुमार और जतिन ने बताया कि सड़क पर जो ब्लॉक लगाए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता ठीक नहीं है। कई जगह ब्लॉक टूटने लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन अगर निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जाएगी तो जनता के पैसे का सही उपयोग नहीं हो पाएगा।

### अनियमितताएं बरती जा रही

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की अनदेखी के कारण निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और काम की गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के दौरान एक और बड़ी लापरवाही सामने आई, जब सड़क के बीच पहले से पानी निकासी के लिए लगाया गया लोहे का झाल ब्लॉकों के नीचे दबा दिया गया। इससे भविष्य में जल निकासी की समस्या खड़ी हो सकती है।

*जांच करवाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई*

### सबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए

उन्होंने सबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए हैं कि, वे तुरंत सफाई कराकर दोबारा ब्लॉकों के साथ सीमेंट बजरी का मिक्सचर डाले। अगर अनियमितता बरती जाती है तो पेमेंट नहीं कि जाएगी।

- रोहित कुमार, एसडीओ मार्किटिंग बोर्ड ढांड।

## अमरनाथ यात्रा जत्थे का पूंडरी में किया स्वागत



**पूंडरी।** श्री अमरनाथ भंडारे के लिए जा रहे जत्थे को हरी झंडी देकर रवाना करते महात्मा।

- सेवा, समर्पण और आस्था के साथ रवाना हुआ यात्रा दल, संतों ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

मंगलवार को श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल घरौंडा की ओर से आयोजित श्री अमरनाथ यात्रा के जत्थे का पूंडरी पहुंचने पर सेवा मंडल शाखा पूंडरी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शहर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाणा ने की। वहीं कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वामी बलेश्वरा नन्द, सत्य चेतनपुरी महाराज और महंत योगी सोमवार नाथ ने पहुंचकर यात्रा दल को आशीर्वाद दिया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे सेवा मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन बंसल और जयपाल राणा भंडारे की सामग्री से भरी गाड़ियों के साथ पूंडरी पहुंचे। यहां सेवा मंडल शाखा पूंडरी के अध्यक्ष गगनदीप गर्ग, आचार्य कविराज, प्रधान जयभगवान सैनी, धर्मबीर सैनी, कृष्ण सैनी, रवि शास्त्री सहित अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। सभी संतों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा जत्थे को आगे के लिए रवाना किया। इस दौरान संतों ने कहा कि सेवा और दान की भावना भारतीय संस्कृति की पहचान है। जरूरतमंदों की सहायता करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

### अतिथियों का सम्मान

चेयरमैन सुभाष हजवाणा ने कहा कि घरौंडा से शुरू हुई यह यात्रा बालटाल मार्ग से होते हुए बाबा अमरनाथ धाम पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा में सेवा करने वाले श्रद्धालु बहुत सौभाग्यशाली हैं, क्योंकि उन्हें भगवान भोलेनाथ के भक्तों की सेवा करने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम के दौरान पूंडरी शाखा के सदस्यों ने सभी संतों और अतिथियों का सम्मान किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों के साथ यात्रा दल को सफल और मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तरक्की के नए आयाम छू रहा भारत : सतपाल जांबा

- केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांव आहूं की दाबड़ा पट्टी चौपाल में आयोजित एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम में पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास और तरक्की के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की /"सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास/" की नीति के तहत समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक सतपाल जांबा का ग्रामीणों और ग्राम पंचायत की ओर से फूल-मालाओं, पुष्पगुच्छ एवं सम्मान स्वरूप अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।विधायक जांबा ने कहा कि प्रवास कार्यक्रम का उद्देश्य केवल ग्रामीणों से संवाद करना नहीं, बल्कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना भी है।



**ढांड।** विधायक सतपाल जांबा का स्वागत करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## स्व. नर सिंह ढांडा की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**राजौंद।** पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने अपने पैतृक गांव खेड़ी सिंबल वाली में अपने पति एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय नर सिंह ढांडा की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने स्व. ढांडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास और जनसेवा को प्राथमिकता दी। इस दौरान उनके पुत्र तुषार ढांडा, पुत्रियां सहित अन्य परिजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने भाग लिया और स्व. नर सिंह ढांडा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके जीवन और कार्यों को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।



**राजौंद।** पुष्पांजलि अर्पित करतीं पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा व परिजन।



**कैथल।** एसडीएम संजय कुमार प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

## केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने पर लगाई विकासात्मक प्रदर्शनी

**कैथल।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के थीम के तहत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लघु सचिवालय परिसर में विशेष विकासात्मक प्रदर्शनी का लगाई गई। जिसका उद्घाटन डीसी अपराजिता व एसडीएम संजय कुमार ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर डीसी अपराजिता ने कहा कि यह प्रदर्शनी आमजन को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराने का प्रभावी माध्यम है। प्रदर्शनी में केंद्र एवं हरियाणा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया। स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना, जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाओं की उपलब्धता तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा को प्रमुखता से दर्शाया गया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष के सामने जिला नगर आयुक्त की मौजूदगी में अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

- पार्षदों ने विकास की आड़ में धांधली के खिलाफ आवाज उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत नगर पालिका के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का मुद्दा अब पूरी तरह रंग पकड़ गया है। कैथल आरकेएसडी कालेज सभागार में केंद्र सरकार की 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम में पार्षदों ने विकास की आड़ में धांधली के खिलाफ आवाज उठाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी मौजूद थी। उनकी उपस्थिति में पार्षदों के शिष्टमंडल ने जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार, जिला परिषद सीईओ सुरेश राविश, जिला लोक संपर्क एवं सूचना अधिकारी नसीब सैनी और विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के बीच भ्रष्टाचार के खिलाफ क्रमवार पोल खोली गई।इस स्थिति को देखकर अधिकारी हैरान रह गए। पार्षद प्रदीप राणा, संजय सिंगला, अमित वाल्मीकि, पूर्व पार्षद आरएस धानिया, रविंद्र निर्मल बंटी, विनोद ज्येष्ठ, राजेश बेदी, प्रवीण कंसल और अन्य पार्षद मौजूद रहे।



**कलायत।** भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी के समक्ष भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते पार्षद।

## गांव बीर बागड़ा, कसान व खेड़ी राय वाली में प्रशिक्षण शिविर

# किसानों को आधुनिक व जैविक खेती की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सरकार के सफल 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाई जा रही विकास योजनाओं और उपलब्धियों को लेकर गांव बीर बांगड़ा में प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन उपनिदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल डॉ. रविंद्र हुड्डा के मार्गदर्शन तथा उपमंडल कृषि अधिकारी कैथल डॉ. सतीश कुमार नारा के नेतृत्व में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती की बारीकियों को विस्तार से समझा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सतीश कुमार नारा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से लेकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रकार के अनुदान और प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों की लागत कम करना और उनकी आय बढ़ाना है। खंड कृषि अधिकारी डॉ. हरमीत सिंह ने किसानों को रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता घट रही है।



**राजौंद।** प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण शिविर में किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी एवं उपस्थित किसान। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

शिविर के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रमुख घटकों जैसे जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत और प्राकृतिक कीट प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. रविंद्र हुड्डा ने बताया कि कैथल जिला प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर लागत कम करें और शुद्ध व विषमुक्त अनाज का उत्पादन करें। प्रगतिशील किसानों ने संकल्प लिया कि वे अपनी भूमि के एक हिस्से पर प्राकृतिक खेती को अपनाएंगे। इस दौरान खंड तकनीकी अधिकारी अमनदीप, सहायक तकनीकी प्रबंधक अमन व मुकेश कुमार, सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### सड़क दुर्घटना संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कैथल।** मंगलवार को सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी अनुसंधान, पीड़ितों को त्वरित सहायता एवं डिजिटल प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से करनाल मंडल स्तर पर डिजिटल पोर्टल संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, करनाल मंडल, करनाल के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल अशोक कुमार के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कैथल से भी 20 अनुसंधान अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की जिला संसाधन प्रबंधक स्वाती गुप्ता ने सड़क दुर्घटना संबंधी एकीकृत डाटाबेस तथा इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना प्रतिवेदन पोर्टल की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### प्राकृतिक संसाधनों के लूट की छूट से जनता में असंतोष

**कैथल।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन राज्य कमेटी की बैठक स्थानीय शहीद भगत सिंह भवन में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता राज्य प्रधान कामरेड जगमाल सिंह ने की। मीटिंग में केंद्रीय कार्यकारिणी के संयुक्त सचिव और राज्यसभा सांसद डॉक्टर वी शिवदासन विशेष तौर पर शामिल रहे। बताया कि मीटिंग में उपस्थित राज्य कमेटी सदस्यों को डॉक्टर वी शिवदासन ने संबोधित करते वर्तमान हालातों पर चर्चा रखी। कहा कि दुनिया के पैमाने पर अमेरिका के नेतृत्व में साम्राज्यवादी गुट विकासशील व तीसरी दुनिया के देशों पर टैरिफ, असमान व्यापार समझौते और युद्धों के सहारे भारी आर्थिक दबाव थोपा जा रहा है।

### दिव्यांगजनों को मिलेंगे सहायक उपकरण: रविंद्र

**कैथल।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल एवं एलिम्को के सहयोग से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी कड़ी में 17 जून को कुरुक्षेत्र स्थित जिन्दल हाउस में एक विशेष पंजीकरण एवं मापन शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के पात्र दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक भाग लेकर अपना पंजीकरण और मापन करवा सकेंगे। इसके बाद जल्द ही एक कार्यक्रम में सभी लाभार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों तथा नवीन जिन्दल फाउंडेशन एवं एलिम्को के सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद लोगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए जा सकें। उन्होंने कहा कि शिविर में विशेषज्ञों द्वारा लाभार्थियों का मापन किया जाएगा, जिसके आधार पर बाद में उन्हें उपयुक्त उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

### तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर की शुरुआत

**गुहला-चीका।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय चीका के सभागार में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नायब तहसीदार बलराज मलिक बतौर मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद राजकीय वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय गुहला की छात्राओं ने वंदे मातरम गीत की प्रस्तुति दी। नायब तहसीलदार बलराज मलिक ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि हर पात्र व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जल्द व सरल तरीके से पहुंचाया जा सके। आमजन की सुविधा के लिए यह शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में कोई भी व्यक्ति किसी भी विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

### 21 जून को विस्तार अनाज मंडी में होगा जिला स्तरीय 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जिले में भव्य एवं जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम विस्तार अनाज मंडी में आयोजित होगा। इससे पहले 20 जून को पायलट रिहर्सल की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा अधिक से अधिक नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी अपराजिता मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। इससे पूर्व हरियाणा सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को योग दिवस के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### कार्यकर्ताओं के सम्मान और समस्याओं के समाधान में कोई कमी नहीं रहने देंगे : जांबा

**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि वे अपने कार्यकर्ता के सम्मान और उनके काम में कोई कमी नहीं रहने देते हैं। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं और क्षेत्र के विकास में उनका सहयोग बेहद जरूरी है। जांबा कार्यकर्ता जगदीश क्वात्रा के निवास पर बातचीत कर रहे थे। जगदीश क्वात्रा ने विधायक सतपाल जांबा की ओर से क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से सड़कों, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। जांबा ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कंप्यूटर हार्डवेयर का दिया प्रशिक्षण

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आरसेटी जींद में चलाए जा रहे 45 दिवसीय कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में 29 प्रशिक्षणार्थियों ने कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया।

### 3 दिवसीय जन कल्याण शिविर का उद्घाटन

**कैथल।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। डीसी अपराजिता ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आम नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही पंजीकरण एवं समस्याओं का समाधान किया गया।

### शराब तस्करों के ठिकानों पर की गई सघन जांच

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार की सुबह थाना कलायत एसएचओ पीएसआई अमन की अगुवाई में कलायत क्षेत्र में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घर व अन्य ठिकानो पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो।

### प्राकृतिक खेती पर लगाया प्रशिक्षण शिविर

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाई जा रही विकास योजनाओं और उपलब्धियों के अंतर्गत मंगलवार को गांव पाई, हाबड़ी, बाबा लदाना, गुहणा, सांघन, कोटड़ा, बीर बांगड़ा, खेड़ी रायवली, वजीर नगर, चौसाला, मस्तगढ़, माजरी, थेह बनहेरा में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती (नेचुरल फार्मिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय किसानों ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती की बारीकियों को सीखा।

### पुलिस ने 8 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**जींद।** जिला पुलिस ने आठ नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि सीआईए नरवाना की एक टीम चमेला कालोनी नरवाना से गौशाला की तरफ गश्त कर रही थी। तभी रेलवे लाइन के नजदीक झाड़ियों में कुछ संदिग्ध युवक बैठे दिखाई दिए। जिस पर सीआईए टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए सातों आरोपितों को काबू कर लिया।

### 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 को मनाएंगे

**नरवाना।** 21 जून को भारतीय योग संस्थान इकाई नरवाना एवं शहर की दूसरी संस्थाएं मिलकर कर आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएंगे। तिलक सचदेवा ने बताया कि कार्यक्रम का समय सुबह पांच से सात बजे का रहेगा सभी अपना-अपना आसन और योग ड्रेस में अवश्य आए।

## भाजपा कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति : डॉ. अर्चना गुप्ता

# प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार ससुराल जींद पहुंचीं डॉ. अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह प्रदेशाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

भजापा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जींद पहुंची। जींद पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए। जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, मंत्री कृष्ण बेदी, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, उचाना विधायक देवेंद्र अत्री, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कि। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि उन्हें मिला यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नही है बल्कि भजापा के प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है।भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है और उसी की मेहनत, तपस्याऔर समर्पण से भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन बनी है। आज भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक गतिविधि यों तक सीमित नही है बल्कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य भी कर रहा है। इस मौके पर जिला प्रभारी मदनलाल, प्रवक्ता राकेश, अशोक छाबड़ा, जवाहर सैनी, भारत भूषण टाक, डा. राज सैनी, मीडिया प्रभारी राकेश बैरागी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जींद। बैलगाड़ी पर बैठा कर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को कार्यालय लाते हुए।


जींद। जींद पहुंचने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देते कार्यकर्ता।

### पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगी प्रदेश अध्यक्ष

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के जींद पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहां पत्रकारों ने सवाल किया कि बहु बनने के बाद जींद आई हैं तो कहा कि वो बहु बन कर तो कई बार जींद आई हैं लेकिन प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद वो पहली बार जींद आई हैं। यहां वो अपने कार्यकर्ताओं से मिलेंगी। महिलाओं को बीजेपी सरकार के बढावा देने के सवाल पर डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा महिलाओं को आगे ले जाने का काम कर रही है। संगठन में महिलाओं 33 प्रतिशत की भागीदारी को सुनिश्चित किया है। भाजपा इस 33 प्रतिशत भागीदारी को पूरा कर रही है। चाहे वो राज्य कार्यकारिणी हो या फिर केंद्रीय कार्यकारिणी हो। आने वाले समय में जिस तरह महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है, आने वाले समय में और ज्यादा सांसद और विधायक महिलाएं भाजपा से बनेंगी।

### किसानों के हित में काम कर रही सरकार

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जींद किसानों की धरती है और हरियाणा की पहचान भी किसान और कृषि से जुडी हुई है। किसान स्मृद्ध होगा तो देश स्मृद्ध होगा। किसान मजबूत होगा तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने जनता व किसानों से किए वादों को पूरा किया है। सरकार महिलाओं, युवाओं और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर अग्रसर: बेदी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि वे सरकार की नीतियों और उपलब्धि यों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बना ने में अपनी सक्रि य भूमि का निभाएं। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उनके समर्पण तथा मेहनत के बल पर संगठन नि रंतर आगे बढ़ रहा है।


उचाना। अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

## भाजपा सरकारों की सोच ने बदली देश-प्रदेश की तस्वीर

- भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में देश ने हासिल किए नए आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। वहीं हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास की सोच के साथ प्रत्येक वर्ग के हित में कार्य कर रही है। अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुनने के बाद विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। गरीबों को पक्के मकान, किसानों को सम्मान निधि, महिलाओं को उज्ज्वला योजना तथा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। देश में सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, जिससे भारत विश्व स्तर पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है।

### बगैर भेदभाव विकास

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भी बिना भेदभाव के विकास कार्यों को गति दी है। प्रदेश में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, बेहतर शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। सरकार की नीतियों का लाभ आमजन तक पहुंच रहा है और जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार बढ़ रहा है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा विकास कार्यों के बल पर भाजपा लगातार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

## अमावस्या पर रोडवेज का बढ़ा राजस्व

- आम दिनों में दस लाख तो अमावस्या के दिन साढ़े 12 लाख का मिला राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

अमावस्या पर यात्रियों की संख्या ज्यादा रही। दूरदराज क्षेत्र से लोग पांडू पिंडारा तीर्थ पर स्नान करने पहुंचे। इससे रोडवेज डिपो के राजस्व में भी इजाफा हुआ। आमतौर पर रोडवेज जींद डिपो को एक दिन में 10 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है वहीं सोमवार को डिपो की आमदनी साढ़े 12 लाख रुपये से अधिक रही। प्राइवेट बसों में यात्रियों की संख्या अच्छी खासी रही। यात्रियों ने प्राइवेट बसों में भी खड़े होकर सफर किया। बस स्टैंड परिसर में बसों के लिए 18 बूथ बने हुए हैं। सभी बूथ पर सोमवार को यात्रियों की अच्छी खासी भीड़ रही है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कैथल, रोहतक, भिवानी व हिसार रूट पर रोडवेज द्वारा स्पेशल बसों का संचालन किया गया।


जींद। बस अड्डा पर मौजूद यात्री। *फोटो: हरिभूमि*

### यह रहा जून महीने के 15 दिन का राजस्व

जींद डिपो में एक जून का राजस्व 10 लाख 34 हजार 730 रुपये रहा। वहीं दो जून को 10 लाख 75 हजार 513 रुपये, तीन जून को नौ लाख 16 हजार 840 रुपये, चार जून को नौ लाख 66 हजार 545 रुपये, पांच जून को नौ लाख 68 हजार 541 रुपये, छह जून को नौ लाख 99 हजार 839 रुपये, सात जून को नौ लाख 88 हजार 874 रुपये, आठ जून को 10 लाख 67 हजार 672 रुपये राजस्व जमा हुआ। इसी प्रकार नौ जून को 1086450 रुपये, 10 जून को 952201 रुपये, 11 जून को 1067215 रुपये, 12 जून को 936861, 13 जून को 1062355 रुपयेए 14 जून को 1052546 व 15 जून को 1266826 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ।

### अग्रवाल समाज के संगठन मिल कर करें काम

**जींद।** भाजपा हरियाणा की अध्यक्ष एवं अग्रवाल समाज की बेटी डा. अर्चना गुप्ता के सम्मान में समस्त अग्रवाल समाज द्वारा सोमवार को निजी होटल में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जिले भर से बड़ी संख्या में अग्र बंधुओं, सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर डा. अर्चना गुप्ता का स्वागत किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि एक महिला पर जितना विश्वास जताया कि एक महिला को हरियाणा प्रदेश की प्रदेशाध्यक्ष बनाया। जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान की शुरूआत की थी, उस हरियाणा प्रदेश की बेटी को संगठन की सबसे बड़ी उपाधि देने का काम किया है।

## किसानों को प्राकृतिक खेती का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा के संयुक्त तत्वावधान में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत गांव पोली में संतुलित उर्वरक उपयोग एवं प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि तकनीकों की जानकारी देकर खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं लागत प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. रवि ने की। उन्होंने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उचित मात्रा में प्राप्त होते हैं। इससे न केवल उत्पादन में वृद्धि होती है बल्कि अनावश्यक उर्वरक खर्च में भी कमी आती है।


जींद। किसानों को जागरूक करते डॉ. रवि। *फोटो: हरिभूमि*

### किसानों ने पूछे सवाल

कृषि विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधक रिषि ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान किसानों ने कृषि विशेषज्ञों के साथ संवाद स्थापित कर उर्वरक प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, फसल संरक्षण तथा कृषि संबंधी अन्य विषयों पर अपने प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।


पूंडरी। लोक कल्याण मेले के दौरान लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी देते टीसीओ नीरज एवं बैंक अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## नगर पालिका कार्यालय में लोक कल्याण मेले में उमड़े लाभार्थी

**पूंडरी।** नगर पालिका कार्यालय में शुक्रवार को पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने हेतु लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर टीसीओ नीरज ने उपस्थित लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। मेले में मौजूद बैंक अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदनों एवं अन्य बैंकिंग संबंधी कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया। साथ ही लाभार्थियों को डिजिटल भुगतान, बैंकिंग सेवाओं और स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा लाभार्थियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है।

## विद्यार्थियों को नशा न करने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़े अंतर्गत नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। कार्यक्रम में नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है तथा जिले के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे है। मंगलवार को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी पीएसआई सनेश की अगुवाई में एसआई कर्मबीर सिंह की टीम ने आईटीआई कैथल में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा पढ़ाई व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम की ओर से विद्यार्थियों को नशा न करने के बारे में जागरूक किया गया तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।


कैथल। पुलिस अधिकारी राजकीय आईटीआई कैथल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## सोमवती अमावस्या पर चौधरी देवीलाल पार्क में वाटर कूलर का शुभारंभ



**गुहला-चीका।** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर श्री साई जन कल्याण ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) चीका एवं श्री साई राम पिंगलवाड़ा सेवाश्रम ट्रस्ट के सहयोग से चौधरी देवीलाल पार्क में जनसेवा के लिए वाटर कूलर स्थापित किया गया। इसका शुभारंभ वार्ड नंबर-5 निवासी सरस्वती देवी जिंदल ने अपने स्वर्गीय पति सुरेश जिंदल तथा पुत्रों दीपक जिंदल और गगनदीप जिंदल की स्मृति में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित नंदकिशोर शास्त्री (चोटी वाले) द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। सरस्वती देवी ने बताया कि पार्क में सैर के दौरान उन्होंने महसूस किया कि यहां ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों ने की बैठक, सरकार विरोधी लगाए नारे

**अलेवा।** बिजली निगम में नीजीकरण तथा हरियाणा एग्रो डिस्काम बनाने के विरोध स्वरूप मंगलवार को आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन हैड आफिस हिसार के आह्वान पर सब डिविजन नगूरां प्रागंण में एक गेट मिटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सब डिविजन प्रधान राजकुमार ने की तथा संचालन सोहनलाल ने किया। इस दौरान निगम कर्मचारियों द्वारा सरकार विरोधी नारे लगाए गए। मिटिंग में बोलते हुए प्रधान राजकुमार ने कहा कि सरकार निगम में नीजीकरण, एग्रो डिस्काम बनाने के अलावा स्मार्ट लगाने जैसी कार्रवाई कर जनता तथा निगम कर्मचारियों में टकराव करवाना चाहती है। प्रदेश सरकार निगम को नीजि हाथों में सौंपकर रोजगार खत्म करना चाहती है। प्रदेश सरकार हरियाणा एग्रो डिस्काम स्थापित कर किसानों को खत्म करने पर तुली हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**उपलब्धि** — एडीसी प्रदीप कुमार ने किया अवलोकन, योजनाओं से जुड़ी जानकारी ली

# केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याणकारी योजनाओं की लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा स्थानीय डीआरडीए के सभागार में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को सरकार की कल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों एवं जनहित योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाना है। एडीसी प्रदीप कुमार ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके साथ-साथ डीआरडीए सभागार में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया और साथ ही विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत सभी को संकल्प भी दिलवाया गया। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार ने विभिन्न स्टॉलों एवं प्रदर्शित सामग्री का निरीक्षण करते हुए योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के उत्थान और विकास के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।


जींद। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए सामान को दिखाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### पेंटिंग प्रतियोगिता के जरिए किया जागरूक

इस मौके पर स्कूल के छात्र व छात्राओं द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार की पेंटिंग बनाकर लोगों लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान एडीसी प्रदीप कुमार ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत में सहयोग देने के लिए हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाई। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे, देश की विरासत पर गर्व करेंगेए भारत की एकता को सुदृढ और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे।

## 25 जून को ट्रेड डील के विरोध में बैठक : विक्रम

**ढाड।** भारतीय किसान यूनियन चढ़नी की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को ढाड बस स्टैंड स्थित संगठन कार्यालय में युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम कसाना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसानों, मजदूरों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आगामी 25 जून को चंडीगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की बैठक को सफल बनाने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम कसाना ने बताया कि 25 जून को किसान भवन, सेक्टर-35, चंडीगढ़ में देशभर के किसान, मजदूर और नौजवान संगठनों की संयुक्त बैठक बुलाई गई है। उन्होंने सभी संगठनों एवं आम नागरिकों से इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।